(क) क्या स्नातकोत्तर शिक्षकों के पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले 625 पदों को भर दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो विभिन्न विषयों के इन पदों पर पदोन्नत किए गए शिक्षकों की संख्या कितनी है और उन्हें किन-किन स्कूलों में तैनात किया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि विभागीय प्रोन्नति समिति की सिफारिश और केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के आधार पर चालू शैक्षिक वर्ष में विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर शिक्षको के पदों की प्रोन्नति के लिए 592 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षको (टी०जी०टी०) की पात्र पाया गया है । इसलिए 2-8-94 तक 181 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षको को प्रोन्नति के अवसर प्रदान किए गए और उन्हें 170 केन्द्रीय विद्यालयों में तैनात किया गया ।

गुजरात में बाल विकास कार्यक्रम

1627. श्री अन्नतराय देवशंकर दवे: क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में केन्द्रीय और विदेशी सहायता से चलाए जा रहे बाल विकास कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उन कार्यक्रमों पर कितना धन खर्च किया गया ; और

(ग) वर्ष 1994-95 के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती बासव राजेश्वरी):(क) से (ग) गुजरात राज्य में कार्यान्वित किए जा रहे प्रमुख बाल विकास कार्यक्रम इस प्रकर हैं :-

1. समेकित बाल विकास सेवा स्कीम ;
2. बालवाड़ी पोषाहार कार्यक्रम ;
3. कामकाजी/बीमार माताओं के बच्चों के लिए शिशुगृह ;
4. अवकाश शिविर ;
5. बाल उत्तरजीविता और सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम ; और
6. अनौपचारिक शिक्षा स्कीम ।

पिछले तीन वर्षों के दौरान और वर्ष 1994-95 के लिए निर्मुक्त की गई राशि, प्रति परियोजना/एकक औसत लाभ प्राप्तकर्ताओं तथा परियोजनाओं/एककों की संख्या का ब्यौरा विवरण में दिया गया हैं (**नीचे** देखिए) ।

इसके अलावा, प्रारंभिक और उच्च प्राथमिक स्कूल-शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए गुजरात सरकार को वर्ष 1991-92 से वर्ष 1993-94 तक के दौरान 1832.14 लाख रुपए की राशि निर्मुक्त की गई है। राष्ट्रीय बाल निधि से वर्ष 1994-95 के दौरान गुजरात के एक स्वैच्छिक संगठन को बाल विकास के लिए नवीन योजनाएं शुरु करने हेतु 46,980 रु० की राशि भी मंजूर की गई है ।

गुजरात में 1993-94 से निराश्रित बच्चों के लिए भी एक कार्यक्रम शुरु किया गया है । 1993-94 के दौरान 3 परियोजनाओं के लिए, जिनसे 900 बच्चों को लाभ पहुंचा, 8.06 लाख रुपए की राशि निर्मुक्त की गई । वर्ष 1994-95 के लिए पांच परियोजनाओं हेतु, जिनसे 1500 बच्चे लाभान्वित होंगे, 29.60 लाख रुपए निर्मुक्त करने का प्रस्ताव है ।

विवरण

गुजरात राज्य में केन्द्रीय/विदेशी सहायता से निम्नलिखित बाल विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं :—

क्र० सं०	कार्यक्रम का नाम	परियोजनाओं/एककों की सं०	प्रति परियोजना/एकक के हिसाब से लाभप्राप्तकर्ताओं की औसत सं०	गत 3 वर्षों के दौरान निर्मुक्त राशि			वर्ष 1994-95 के लिए आबंटित राशि
				91–92	92–93	93–94	
				(रु० लाखों में)			
1.	समेकित बाल विकास सेवा स्कीम	139	6130 बच्चे	1791.82	1496.87	2270.17	1916.58
2.	बालवाड़ी पोषाहार कार्यक्रम	816	40 बच्चे	70.99	70.99	124.36	124.36
3.	कामकाजी/बीमार माताओं के बच्चों के लिए शिशुगृह	814	25 बच्चे	87.65	98.10	121.67	150.43
4.	अवकाश शिविर	10	50 बच्चे	3.38	3.92	0.91	0.75
5.	बाल उत्तरजीविता और सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम	11*	@	—	485.44	730.19	—
6.	अनौपचारिक शिक्षा	1845	**	64.12	98.78	113.86	—

*11 जिलों में 11 घटक

@बच्चे (0–5 वर्ष) और गर्भवती सभी महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित

**बच्चे (6–14 वर्ष की आयु)